**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः– 1529/11–सी–FP/UP/Approach/155008/2022, लखनऊ, दिनांकः अक्टूबर 31 ,2022

सेवा में,

उप वन महानिदेशक(केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– जनपद–महोबा के अंतर्गत इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0, कानपुर द्वारा महोबा–चरखारी मार्ग (एम0डी0आर0–15बी) के किमी0 सं0–15 (चैनेज 14.480 से 14.520) के मध्य बांयी पटरी पर खसरा सं0–568 व 577, ग्राम–जार्डनगंज पर विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.1972 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी / यू0पी0 / 06 / 252 / 2022 / एफ0सी0 / 466, दिनांक 05.09.2022 एवं वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा का पत्रांक–1301 / 33–1, दिनांक 28.10.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा के उपरोक्त पत्रांक–1301 / 33–1, दिनांक 28.10.2022 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 1529 /11–सी–FP/UP/Approach/155008/2022, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, महोबा वन प्रभाग, महोबा।
3. मण्डलीय प्रबन्धक, इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0, कानपुर मण्डलीय कार्यालय, पनकी, कानपुर।

(हस्ताक्षर)
**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1378